कार्यालय जनपद न्यायाधीश, देवरिया।

स्वच्छकार भर्ती विज्ञप्ति संख्या–01, दिनांक 02.12.2024

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या– पत्र संख्या–7603/सात बी–104/ एडमिन 'डी' अनुभाग, दिनांकित 15.06.2022 द्वारा शासनादेश संख्या–1963/सात–न्याय–2–2000–41जी/97, दिनांकित 19.10.2000 सपठित शासनादेश संख्या–15/2016/1111/सात–न्याय–2–2016–41जी/97, दिनांकित 10.08.2016 के अन्तर्गत इस अधिष्ठान में अंशकालिक स्वच्छकार रू0 6000/–(छः हजार) प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर नियुक्त किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। नवीन शासनादेश संख्या–33/846/सात–न्याय–2–2024–105जी/2021 दिनांकित 09.10.2024 के अनुसार सफाई कर्मियों के मानदेय की धनराशि रूपया 6000/– से बढ़ाकर रूपया 8840/–मात्र प्रति माह हो गया है।

चयन समिति की आख्या दिनांकित 26.11.2024 द्वारा स्वच्छकार हेतु पूर्व में जारी भर्ती विज्ञप्ति संख्या–01, दिनांकित 01.12.2022 को निरस्त किया जा चुका है तथा नवीन शासनादेश के अनुसार पुनः नई विज्ञप्ति 02 सफाई कर्मी के पदों हेतु जारी किया जाना है।

अतएव जो व्यक्ति कक्षा 06 उत्तीर्ण है और स्वच्छकार के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक है वे अपना–अपना आवेदन पत्र दिनांकित 17.12.2024 सॉय 04:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अवश्य जमा/प्रेषित कर दें।

आवेदन पत्र की शर्ते निम्नवत है–

1– आवेदक की उम्र दिनांक **01.07.2024** को 18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा कक्षा–6 उत्तीर्ण हो।

2– नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

3– लिखित अथवा मौखिक परीक्षा हेतु उपस्थित होने पर उन्हें कोई यात्रा भत्ता व खुराक भत्ता देय नहीं होगा।

4– आवेदक यदि स्वच्छकार के रूप में किसी भी विभाग/कार्यालय में कार्य कर चुका है, तो उसे वरीयता दी जायेगी, इसके समर्थन में प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5– आवेदक, आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक, आवासीय, अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र जो स्वंय द्वारा अभिप्रमाणित अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो, अवश्य संलग्न करें।

6– आवेदक इस आशय का शपथ–पत्र अवश्य प्रस्तुत करें कि उनके विरूद्ध कोई दाण्डिक वाद किसी न्यायालय में लम्बित नहीं है और न ही उन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित किया गया है।

7– स्वच्छकार की पूर्णकालिक नियुक्ति किसी भी दशा में नहीं की जाएगी, बल्कि संविदा के आधार पर उससे कार्य लिया जाएगा।

8– आवेदन पत्र का प्रारूप निम्नवत है–

1– आवेदन का नाम–

2– पिता का नाम–

3– पूर्ण पता मोबाईल नम्बर सहित–

4– शैक्षणिक योग्यता का विवरण–

5– श्रेणी जैसे (सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) का उल्लेख अवश्य करें तथा इसके समर्थन में प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

6– अन्य/विशेष–

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर
दिनांक सहित

दिनांक : 02.12.2024

02.12.24

(विवेक कुमार सिंह–।।)
सिविल जज (सी0डि0), क0सं0–18/
सदत्य, भर्ती/परीक्षा समिति
जनपद न्यायालय, देवरिया

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, देवरिया को आवश्यक प्रचार प्रसार हेतु।

2– सिस्टम आफिसर, जनपद न्यायालय देवरिया को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय देवरिया की आधिकारिक बेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

3– जनपद न्यायालय देवरिया, जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया, पुलिस अधीक्षक, देवरिया, मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया, विकास भवन, देवरिया, तहसीलदार देवरिया एवं नगर पालिका देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

4– जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कर एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किये जाने हेतु।

02.12.24

(विवेक कुमार सिंह–।।)
सिविल जज (सी0डि0), क0सं0–18/
सदत्य, भर्ती/परीक्षा समिति
जनपद न्यायालय, देवरिया